प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

19 नवंबर 2025

**सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना के अंतर्गत अंतिम मोचन – 20 नवंबर 2025 को देय एसजीबी 2017-18 शृंखला- VIII के अंतिम मोचन के लिए मोचन मूल्य**

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 6 अक्तूबर 2017 की अधिसूचना एफ.सं.4(25)-डब्ल्यूएंडएम/2017 (एसजीबी 2017-18 शृंखला VIII- जारी करने की तारीख 20 नवंबर 2017) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड की चुकौती, स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख से आठ वर्ष की समाप्ति पर की जाएगी। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला की अंतिम मोचन तिथि 20 नवंबर 2025 होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के तीन कारोबारी दिवसों के इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित 999 शुद्धता वाले स्वर्ण के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा। तद्नुसार, 20 नवंबर 2025 को देय अंतिम मोचन के लिए मोचन मूल्य **₹12,300/- (बारह हजार तीन सौ रुपये मात्र)** प्रति एसजीबी यूनिट होगा, जो तीन कारोबारी दिवसों अर्थात् 17 नवंबर 2025, 18 नवंबर 2025 और 19 नवंबर 2025 को स्वर्ण के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1533**